# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन आर पी एफ - ०१/२०२४ - CEN RPF - 01/2024

| | |
|---|---|
| Community | OBC NCL |
| Test Center Name | Sharanabasaweshwar Vidya Vardhak Sangha |
| Test Date | 03/12/2024 |
| Test Time | 4:00 PM - 5:30 PM |
| Subject | Recruitment of Sub Inspector Executive in Railway Protection Force and Railway Protection Special Force |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Arithmetic**

**Q.1** $85^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 7245
- ✗ 2. 7235
- ✓ 3. 7225
- ✗ 4. 7195

**Q.2** एक रेलगाड़ी 405 km की दूरी तय करने के लिए 81 kmph की चाल से चलती है और फिर 176 km की दूरी तय करने के लिए 88 kmph की चाल से चलती है। रेलगाड़ी द्वारा तय की गई कुल दूरी का औसत चाल ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 133 kmph
- ✓ 2. 83 kmph
- ✗ 3. 53 kmph
- ✗ 4. 129 kmph

**Q.3** 7 संख्याओं का औसत 45 है। यदि प्रत्येक संख्या में से 5 घटाया जाए, तो नया औसत कितना होगा?

**Ans**
- ✗ 1. 45
- ✗ 2. 35
- ✓ 3. 40
- ✗ 4. 7

**Q.4** उस सबसे बड़े वृत्त की परिधि (m में) ज्ञात कीजिए जिसे 250 m और 126 m के आयामों वाले आयत में उत्कीर्ण किया जा सकता है। ($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

**Ans**
- ✗ 1. 393
- ✓ 2. 396
- ✗ 3. 395
- ✗ 4. 391

Q.5 $₹6.90$ प्रति लीटर मूल्य वाले 40 लीटर दूध में कितना जल मिलाया जाना चाहिए ताकि मिश्रण का मूल्य $₹4.60$ प्रति लीटर हो?

Ans
✗ 1. 10 लीटर
✗ 2. 25 लीटर
✗ 3. 15 लीटर
✓ 4. 20 लीटर

Q.6 निम्नलिखित को साधारण भिन्न में व्यक्त करें।
$0.4\overline{2} + 0.\overline{42}$

Ans
✗ 1. $\frac{834}{999}$
✗ 2. $\frac{838}{999}$
✗ 3. $\frac{834}{990}$
✓ 4. $\frac{838}{990}$

Q.7 फर्नीचर की तीन वस्तुओं का औसत मूल्य ₹ 16020 है। यदि उनके मूल्यों का अनुपात 3:5:7 है, तो सबसे महंगी वस्तु का मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 3204
✗ 2. 7476
✗ 3. 5340
✓ 4. 22428

Q.8 संख्या 9052743x2 को 8 से विभाज्य बनाने के लिए 'x' का न्यूनतम मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 9
✗ 2. 8
✗ 3. 7
✗ 4. 3

Q.9 यदि $x = 2 + \sqrt{9}$ और $y = 2 - \sqrt{9}$ है, तो $x^2 + y^2$ का मान क्या है?

Ans
✗ 1. 9
✗ 2. 15
✓ 3. 26
✗ 4. 22

Q.10 चार वर्ष पहले, P, Q और R की औसत आयु 25 वर्ष थी। यदि तीन वर्ष पहले, P और Q की औसत आयु 20 वर्ष थी, तो R की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 35 वर्ष
✗ 2. 34 वर्ष
✓ 3. 41 वर्ष
✗ 4. 38 वर्ष

Q.11 एक वर्गाकार भूखंड का क्षेत्रफल 841 $m^2$ है। भूखंड की प्रत्येक भुजा की लंबाई (m में) कितनी है?

Ans
✗ 1. 41
✗ 2. 31
✗ 3. 39
✓ 4. 29

Prepp
Your Personal Exam Guide

Q.12 दो संख्याओं का LCM और HCF क्रमशः 192 और 32 है। यदि उनमें से एक संख्या 64 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 96 ✔
2. 93 ✘
3. 97 ✘
4. 99 ✘

Q.13 किसी वस्तु को इसके मूल विक्रय मूल्य के $\frac{2}{5}$ पर बेचने पर रमेश को 16% की हानि होती है। यदि वह इसे मूल विक्रय मूल्य के 73% पर बेचता है, तो लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 52.1% ✘
2. 54.7% ✘
3. 53.3% ✔
4. 52.7% ✘

Q.14 एक रेलगाड़ी 148 kmph की चाल से 296 km की दूरी तय करती है और फिर 98 kmph की चाल से 294 km की दूरी तय करती है। रेलगाड़ी द्वारा तय की गई कुल दूरी का औसत चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 118 kmph ✔
2. 132 kmph ✘
3. 114 kmph ✘
4. 131 kmph ✘

Q.15 वह सबसे छोटी प्राकृतिक संख्या ज्ञात करें जो 15, 63, 21 और 70 से विभाज्य है।

Ans
1. 630 ✔
2. 531 ✘
3. 632 ✘
4. 587 ✘

Q.16 दो संख्याओं का LCM और HCF क्रमशः 150 और 5 है। यदि उनमें से एक संख्या 15 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 49 ✘
2. 50 ✔
3. 52 ✘
4. 48 ✘

Q.17 उस सबसे बड़े वृत्त की परिधि (m में) ज्ञात कीजिए जिसे 56 m और 154 m के आयामों वाले आयत में उत्कीर्ण किया जा सकता है। ($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

Ans
1. 176 ✔
2. 171 ✘
3. 173 ✘
4. 174 ✘

Q.18 एक रेलगाड़ी 137 kmph की चाल से 411 km की दूरी तय करती है और फिर 109 kmph की चाल से 327 km की दूरी तय करती है। रेलगाड़ी द्वारा तय की गई कुल दूरी का औसत चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 125 kmph ✘
2. 123 kmph ✔
3. 87 kmph ✘
4. 115 kmph ✘

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.19 यदि समान ब्याज दर पर 2 वर्ष में साधारण ब्याज ₹60 और चक्रवृद्धि ब्याज ₹64 है, तो मूलधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ 1. 218
- ✘ 2. 229
- ✘ 3. 220
- ✔ 4. 225

Q.20 एक ठोस घनाभ के तीन आसन्न फलकों का क्षेत्रफल 127 $cm^2$, 32 $cm^2$ और 254 $cm^2$ है। घनाभ का आयतन ($cm^3$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ 1. 941
- ✘ 2. 1163
- ✔ 3. 1016
- ✘ 4. 963

Q.21 लतिका और हिमानी ने मिलकर एक व्यवसाय में ₹47800 का निवेश किया। वर्ष के अंत में, ₹7500 के कुल लाभ में से लतिका का हिस्सा ₹2700 था। हिमानी ने कितना निवेश किया था?

Ans
- ✘ 1. ₹32405
- ✔ 2. ₹30592
- ✘ 3. ₹28855
- ✘ 4. ₹31305

Q.22 एक व्यक्ति एक व्यूपॉइंट तक पैदल जाता है और अपनी कार से अपरिवर्ती चाल बनाए रखते हुए वापस प्रारंभिक बिंदु पर लौटता है और इस प्रकार उसे कुल 9 घंटे 30 मिनट का समय लगता है। दोनों तरफ गाड़ी से यात्रा करने में उसे 7 घंटे कम लगते। दोनों ओर समान चाल से पैदल यात्रा करने में उसे कुल कितना समय लगता?

Ans
- ✘ 1. 15 घंटे 15 मिनट
- ✔ 2. 16 घंटे 15 मिनट
- ✘ 3. 16 घंटे 45 मिनट
- ✘ 4. 17 घंटे 30 मिनट

Q.23 एक बैंक अर्द्ध-वार्षिक आधार पर गणना करके, 6.6% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज प्रदान करता है। एक ग्राहक किसी वर्ष की 1 जनवरी को ₹4823 और 1 जुलाई को ₹4823 जमा करता है। वर्ष के अंत में, उसे ब्याज के रूप में मिलने वाली राशि ________ है। [उत्तर दशमलव के 2 स्थानों तक दीजिए।]

Ans
- ✘ 1. ₹479.07
- ✘ 2. ₹462.72
- ✔ 3. ₹482.72
- ✘ 4. ₹474.94

Q.24 निम्नलिखित का मान क्या है?

$$\frac{5}{5}+\frac{5}{5}+\frac{4}{10}+\frac{1}{5}-2=$$

Ans
- ✔ 1. $\frac{6}{10}$
- ✘ 2. $-\frac{1}{10}$
- ✘ 3. $\frac{3}{10}$
- ✘ 4. $\frac{1}{10}$

Prepp Your Personal Exam Guide

**Q.25** एक मूलधन, जब प्रति वर्ष 20% साधारण ब्याज पर निवेश किया जाता है, तो 4 वर्षों के बाद उसका मिश्रधन ₹2160 हो जाता है। 2 वर्ष में समान दर पर समान मूलधन पर साधारण ब्याज (₹ में) कितना है?

**Ans**

- ✗ 1. 1920
- ✗ 2. 240
- ✓ 3. 480
- ✗ 4. 960

**Q.26** तीन साझेदारों ने एक व्यवसाय में 3 : 9 : 8 के अनुपात में निवेश किया। उन्होंने अपनी पूंजी क्रमशः 10 महीने, 1 महीने और 4 महीने के लिए निवेश की। उनके लाभ का अनुपात कितना था?

**Ans**

- ✗ 1. 32:9:32
- ✗ 2. 31:9:32
- ✗ 3. 28:9:32
- ✓ 4. 30:9:32

**Q.27** एक दुकानदार एक वस्तु का मूल्य ₹x अंकित करता है और उस पर 60% की छूट प्रदान करता है। वह छूट वाले मूल्य पर 25% वैट लगाने के बाद उसे ₹444 में बेचता है। ₹x का मान कितना है?

**Ans**

- ✗ 1. ₹900
- ✗ 2. ₹700
- ✗ 3. ₹1100
- ✓ 4. ₹888

**Q.28** डेविड ने 172 कुर्सियाँ बेचीं और उसे 86 कुर्सियों के विक्रय मूल्य के बराबर लाभ प्राप्त हुआ। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans**

- ✗ 1. 110%
- ✗ 2. 105%
- ✗ 3. 95%
- ✓ 4. 100%

**Q.29** एक संख्या को 50% बढ़ाने पर, 3870 प्राप्त होता है। यह संख्या __________ है।

**Ans**

- ✗ 1. 7740
- ✓ 2. 2580
- ✗ 3. 1290
- ✗ 4. 5160


**Q.30** सेल के दौरान, राघव ने ₹50 अंकित मूल्य की एक नोटबुक को 40% छूट पर और ₹32 अंकित मूल्य की एक पेन को 50% की छूट पर खरीदा। सेल के कारण उसने कितनी बचत (₹ में) की?

**Ans**

- ✗ 1. 38
- ✓ 2. 36
- ✗ 3. 33
- ✗ 4. 39

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.31 दिया गया पाई चार्ट किसी कार्यालय के निर्माण की लागत का विवरण दर्शाता है।




bricks = ईंट

cement = सीमेंट

labour = मजदूरी

steel = स्टील

supervison = पर्यवेक्षण

यदि निर्माण की कुल लागत ₹9,00,000 है, तो सीमेंट पर खर्च की गई राशि, मजदूरी पर खर्च की गई राशि से, कितनी अधिक है?

Ans
- ✗ 1. ₹45,000
- ✗ 2. ₹55,000
- ✓ 3. ₹63,000
- ✗ 4. ₹54,000

Q.32 यदि 36 और 18 का तृतीयानुपाती x हो, तो x का मान कितना होगा?

Ans
- ✗ 1. 7
- ✓ 2. 9
- ✗ 3. 11
- ✗ 4. 10

Q.33 निम्नलिखित को साधारण भिन्न (vulgar fraction) में व्यक्त करें।

$0.6\overline{41} + 0.\overline{23}$

Ans
- ✗ 1. $\frac{173}{199}$
- ✗ 2. $\frac{173}{999}$
- ✗ 3. $\frac{173}{99}$
- ✓ 4. $\frac{173}{198}$

Q.34 वर्ष के प्रथम तीन महीनों में ललित की प्रति माह औसत आय ₹38360 थी। अप्रैल में उसकी आय, प्रथम तीन महीनों की औसत आय से 50% अधिक थी। यदि पूरे वर्ष के लिए उसकी प्रति माह औसत आय ₹55065 है, तो मई से दिसंबर तक ललित की प्रति माह औसत आय (₹ में) कितनी होगी?

Ans
1. 61018
2. 61025
3. 61020 ✓
4. 61015

Q.35 यदि किसी संख्या के 25% को 72 में जोड़ा जाता है, तो परिणामस्वरूप समान संख्या प्राप्त होती है। उस संख्या का 60% ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 87.6
2. 27.6
3. 57.6 ✓
4. 77.6

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.36 29 लोग उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में खड़े हैं। KLM, दाएं छोर से 8वें स्थान पर है, जबकि PRQ, बाएं छोर से 12वें स्थान पर है। KLM और PRQ के बीच कितने लोग हैं?

Ans
1. 10
2. 7
3. 9 ✓
4. 8

Q.37 यदि 'I' का अर्थ '+' है, 'J' का अर्थ '×' है, 'K' का अर्थ '÷' है, और 'L' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?
(16 I 9 L 13) I 7 J 5 L (22 K 2) I 4 J 9 = ?

Ans
1. 72 ✓
2. 84
3. 96
4. 60

Q.38 निम्नलिखित संख्या, प्रतीक श्रृंखला को देखें और उसके बाद आने वाले प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 7 $ % 4 & 8 2 @ 5 & 3 Ω 9 * 1 £ # 6 (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी प्रतीक हटा दिए जाएं, तो निम्नलिखित में से क्या दाएं से पांचवां होगा?

Ans
1. 3
2. 9
3. 5 ✓
4. 2

Q.39 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।
कथन:
सभी शर्ट, पैंट हैं।
सभी पैंट, ट्राउजर हैं।
कुछ पैंट, कोट हैं।
निष्कर्ष:
(I): कुछ ट्राउजर, कोट हैं।
(II): कुछ शर्ट, कोट हैं।

Ans
1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। ✓
4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.40 यदि संख्या 3617845 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार निर्मित नई संख्या में निम्नलिखित में से कौन-सा अंक बाएं से दूसरा होगा?

Ans
✔ 1. 4
✘ 2. 2
✘ 3. 8
✘ 4. 6

Q.41 G, H, I, J, K और L प्रत्येक ने अलग-अलग अंक प्राप्त किए हैं। I ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किए हैं। केवल G ने K से कम अंक प्राप्त किए हैं। L ने H से अधिक, लेकिन J से कम अंक प्राप्त किए हैं।
छ: में से कितने व्यक्तियों ने H से अधिक, लेकिन J से कम अंक प्राप्त किए हैं?

Ans
✘ 1. चार
✘ 2. तीन
✔ 3. एक
✘ 4. दो

Q.42 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) 6 @ 8 $ 7 & 3 Ω 9 2 & % 4 # 1 * £ 5 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है तथा ठीक बाद में भी एक अन्य संख्या है?


Ans
✔ 1. 5
✘ 2. 6
✘ 3. 7
✘ 4. 4

Q.43 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन अक्षर-समूह एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✘ 1. KLJ
✘ 2. ZAY
✘ 3. BCA
✔ 4. LNK

Prepp
Your Personal Exam Guide

Q.44 नीचे दर्शाए गए अनुसार, दर्पण को MN पर रखे जाने पर आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।




Ans
✘ 1. 
✔ 2. 
✘ 3. 
✘ 4. 

Q.45 दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) को प्रतिस्थापित कर सकती है।

143 170 234 359 ?

Ans
1. 555
2. 535
3. 575 ✔
4. 573

Q.46 उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार दिए गए समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 को लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 व 3 में तोड़ना और फिर 1 व 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(10, 130, 13)
(11, 187, 17)

Ans
1. (39, 627, 16)
2. (36, 792, 22) ✔
3. (49, 542, 11)
4. (3, 51, 16)

Q.47 सात डिब्बों U, V, W, X, P, Q और R को एक के ऊपर एक रखा गया है, लेकिन जरूरी नहीं कि ये डिब्बे इसी क्रम में हों। डिब्बों P और U के बीच केवल दो डिब्बों को रखा गया है। केवल डिब्बा X को डिब्बा W के ऊपर रखा गया है। डिब्बा U के नीचे कोई भी डिब्बा नहीं रखा गया है। डिब्बा R को डिब्बा V के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है लेकिन डिब्बा Q के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। डिब्बा Q के ऊपर तीसरे स्थान पर किस डिब्बे को रखा गया है?

Ans
1. U
2. V ✔
3. R
4. X

Q.48 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'GIFT' को '5173' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'FLOW' को '4612' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'F' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 1 ✔
2. 4
3. 2
4. 7

Q.49 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी तरह, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रिया करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है और इसी तरह आगे की संख्याएँ प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से किसमें, संक्रियाओं का वही सेट है, जैसा नीचे दिए गए समुच्चयों में है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रिया जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना 13 पर किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रिया करना अनुमत नहीं है।)

8 - 10 - 14 - 7; 6 - 8 - 12 - 6

Ans
1. 13 - 15 - 30 - 60
2. 2 - 4 - 8 - 16
3. 3 - 5 - 9 - 18
4. 4 - 6 - 10 - 5 ✔

Q.50 D, E, F, G, H, I और T, एक गोल मेज के परितः मेज के केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। F, H के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। T के बाईं ओर से गणना करने पर H और T के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। I के दाईं ओर से गणना करने पर G और I के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D, G का निकटतम पड़ोसी है। E के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
✗ 1. I
✗ 2. T
✗ 3. D
✓ 4. F

Q.51 एक निश्चित कूट भाषा में, 'ROMS' को '2613' के रूप में, और 'WORM' को '8326' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'W' के लिए क्या कूट होगा?

Ans
✗ 1. 2
✓ 2. 8
✗ 3. 3
✗ 4. 6

Q.52 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. JE : HC
✗ 2. RM : PK
✗ 3. MH : KF
✓ 4. PJ : MH

Q.53 निम्नलिखित में से किन अक्षर-समूहों द्वारा # और % को प्रतिस्थापित करने पर :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान होगा?

# : HJE :: OQL : %

Ans
✓ 1. # = LNI, % = KMH
✗ 2. # = MLI, % = KJK
✗ 3. # = PKO, % = NHU
✗ 4. # = HGY, % = LHU

Q.54 A @ B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
A * B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
A - B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है' और
A $ B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'।
उपरोक्त जानकारी के आधार पर, निम्नलिखित में से किसका अर्थ यह है कि H, D के भाई की पुत्री है?

Ans
✓ 1. H @ A - M * I $ D
✗ 2. H * A @ M $ I - D
✗ 3. H @ A - M $ I * D
✗ 4. H $ A * M - I @ D

Q.55 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

IXE 2 KSH −9 MNK −20 OIN −31 ?

Ans
✗ 1. YWZ −65
✗ 2. WQZ −66
✗ 3. DQP −44
✓ 4. QDQ −42

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.56 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A के दाईं ओर से गिनने पर, A और D के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D और G के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। A और C के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। F, E के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। G के बाईं ओर से गिनने पर C और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. 4
2. 3
3. 2
4. 1

Q.57 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

24 ÷ 4 + 10 × 5 − 3 = ?

Ans
1. 97
2. 91
3. 95
4. 93

Q.58 दिए गए विकल्पों में से उस पद का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आएगा।

LDY 1 JGX -3 HJW 9 FMV -27 ?

Ans
1. UOD 81
2. EDP 80
3. DPU 81
4. PVD 80

Q.59 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, NHLO एक निश्चित तरीके से SMQT से संबंधित है। PJNQ उसी तरीके से UOSV से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, RLPS निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans
1. WQUX
2. WQXU
3. QWUX
4. QWXU

Q.60 सात डिब्बों C, D, E, F, G, H और P को एक के ऊपर एक रखा गया है, लेकिन जरूरी नहीं कि ये डिब्बे इसी क्रम में रखे गए हों। डिब्बे C के नीचे केवल एक डिब्बे को रखा गया है। डिब्बों C और H के बीच केवल तीन डिब्बों को रखा गया है। डिब्बे F को डिब्बे C के नीचे किसी एक स्थान पर रखा गया है। डिब्बों H और G के बीच केवल डिब्बे P को रखा गया है। डिब्बे E को डिब्बे H के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है। डिब्बों D और F के बीच कितने डिब्बों को रखा गया है?

Ans
1. एक
2. चार
3. दो
4. तीन

Q.61 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 157 643 351 267 872 (दाएं)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)

नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

यदि सभी संख्याओं को अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितनी संख्याओं का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
1. 3
2. 2
3. 1
4. 4

Q.62 निम्नलिखित त्रिक में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करें जो समान तर्क का अनुसरण करता है।

DESK - EDSK - KEDS
ROAD - ORAD - DORA

Ans
✗ 1. FROG - FORG - GORF
✗ 2. JAMS - AJMS - SAMJ
✗ 3. VANS - AVNS - ANSV
✓ 4. PRAY - RPAY - YRPA

Q.63 यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।
WIG RUT HEN JOY
यदि प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक अक्षर को अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम में अगले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने कितने शब्दों में कोई स्वर नहीं होगा?

Ans
✗ 1. एक
✗ 2. एक भी नहीं
✗ 3. तीन
✓ 4. दो

Q.64 A, B की पुत्री C की बहन है। K, C की माता है और L, K का पिता है। A का L से क्या संबंध है?

Ans
✗ 1. पुत्र की पुत्री
✗ 2. पुत्र का पुत्र
✓ 3. पुत्री की पुत्री
✗ 4. पुत्री का पुत्र

Q.65 निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। वह कौन-सा अक्षर-समूह युग्म है, जो उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, अक्षर-समूह युग्म में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थानों पर आधारित नहीं है।)


Ans
✓ 1. CG - JB
✗ 2. LP - SJ
✗ 3. IM - PG
✗ 4. FJ - MD

Q.66 FGH बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 16 km तक ड्राइव करता है। फिर वह बायीं ओर मुड़ता है, 12 km तक ड्राइव करता है, बायीं ओर मुड़ता है और 28 km तक ड्राइव करता है। फिर वह बायीं ओर मुड़ता है, 23 km तक ड्राइव करता है। वह अंत में बायीं ओर मुड़ता है, 12 km तक ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर दोबारा पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° मोड़ हैं।)

Ans
✗ 1. 6 km पश्चिम की ओर
✗ 2. 10 km पश्चिम की ओर
✗ 3. 9 km पूर्व की ओर
✓ 4. 11 km पूर्व की ओर

prepp Your Personal Exam Guide

Q.67 पाँच आकृतियाँ दी गई हैं, जिनमें से चार किसी तरह से एकसमान हैं और एक असंगत है। असंगत आकृति का चयन कीजिए।




Ans
1. D
2. C
3. E
4. B


Q.68 राहुल, बिंदु A से गाड़ी चलाना शुरू करता है और पूर्व की ओर 7 km गाड़ी चलाता है। वह फिर दाईं ओर मुड़ता है, 2 km गाड़ी चलाता है, दाईं ओर मुड़ता है और 4 km गाड़ी चलाता है। वह फिर दाईं ओर मुड़ता है और 6 km गाड़ी चलाता है। वह अंत में बाईं ओर मुड़ता है, 3 km गाड़ी चलाता है और बिंदु B पर रुकता है। फिर से बिंदु A पर पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलाना होगा? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
1. 11 km पूर्व की ओर
2. 11 km उत्तर की ओर
3. 4 km दक्षिण की ओर
4. 6 km उत्तर की ओर


Q.69 किसी निश्चित कूट भाषा में, ‘stay always positive’ को ‘tk mp bk’ के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और ‘always on time’ को ‘lj tk mo’ के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में ‘always’ को किसमें कूटबद्ध किया जाएगा?


Ans
1. mo
2. tk
3. bk
4. lj


**Q.70** विकल्पों में दी गई उस आकृति को पहचानिए जिसे प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूरी हो जाएगी।





**Ans**

✗ 1. 

✗ 2. 

✓ 3. 

✗ 4. 

Prepp
Your Personal Exam Guide

Section : **General Awareness**

**Q.71** DSCI-SEQRITE इंडिया साइबर थ्रेट रिपोर्ट, 2023 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस औद्योगिक क्षेत्र में मैलवेयर अटैक स्पेक्ट्रम की सबसे अधिक संख्या पाई गई है?

**Ans**
- ✓ 1. ऑटोमोबाइल्स
- ✗ 2. आईटी उद्योग
- ✗ 3. लॉजिक्टिक्स
- ✗ 4. शिक्षा

**Q.72** रौवाल्फिया सर्पेन्टिना (Rauwolfia serpentina) एक, _____ है।

**Ans**
- ✗ 1. कृमि परजीवी
- ✗ 2. एड्स में योगदान देने वाला जीव
- ✓ 3. औषधीय पादप
- ✗ 4. जहरीला साँप

**Q.73** कांग्रेस के किस अधिवेशन में यह नरम दल और गरम दल में विभाजित हो गई?

**Ans**
- ✗ 1. लाहौर
- ✗ 2. इलाहाबाद
- ✓ 3. सूरत
- ✗ 4. कलकत्ता

**Q.74** भारत में निम्नलिखित में से किस प्राधिकरण के पास निश्चित परिस्थितियों में किसी व्यक्ति की नागरिकता समाप्त करने की शक्ति होती है?

**Ans**
- ✓ 1. केंद्र सरकार
- ✗ 2. कोई भी राज्य सरकार
- ✗ 3. सर्वोच्च न्यायालय
- ✗ 4. दिल्ली सरकार

**Q.75** निम्न में से किसकी विशिष्ट ऊष्मा धारिता (specific heat capacity) कमरे के तापमान और वायुमंडलीय दाब पर सबसे अधिक है?

**Ans**
- ✗ 1. लोहा
- ✓ 2. पानी
- ✗ 3. पारा
- ✗ 4. कांच

**Q.76** दिए गए विकल्पों में से बायोस्फीयर रिजर्व और उससे संबंधित राज्य के गलत युग्म को पहचानिए।

**Ans**
- ✓ 1. नोकरेक – मिजोरम
- ✗ 2. पन्ना – मध्य प्रदेश
- ✗ 3. डिब्रू-सैखोवा – असम
- ✗ 4. शेषचलम - आंध्र प्रदेश

**Q.77** निम्नलिखित में से किसे, पारंपरिक पद्धति ने विशेष रूप से 'मुद्रावत् (quasi-money)' के रूप में परिभाषित किया है?

**Ans**
- ✗ 1. संकुचित मुद्रा
- ✗ 2. मुद्रा के सभी रूप
- ✗ 3. मुद्रा माना जाने वाला विनिमय का माध्यम
- ✓ 4. वित्तीय लिखत जो विनिमय के माध्यम नहीं हैं, बल्कि स्थानापन्न हैं

**Q.78** _______ में, महाभारत की कहानियों को एक गाथागीत के रूप में गाया जाता है और छत्तीसगढ़ में रात के प्रदर्शन के लिए एक या दो एपिसोड चुने जाते हैं।

**Ans**
- ✓ 1. पांडवानी
- ✗ 2. आल्हा
- ✗ 3. सोहर
- ✗ 4. छकरी

**Q.79** पूर्वी बंगाल में, समाज सुधारक ___________ के मतुआ संप्रदाय (Matua sect) ने चांडाल कृषकों के बीच कार्य किया।

**Ans**
- ✗ 1. गुरु घासीदास
- ✗ 2. ईश्वर चंद्र विद्यासागर
- ✗ 3. अक्षय कुमार दत्ता
- ✓ 4. हरिदास ठाकुर

**Q.80** निम्नलिखित में से कौन-सा कारक मुख्य रूप से तटीय और आंतरिक क्षेत्रों के बीच के तापमान के अंतर में योगदान देता है?

**Ans**
- ✗ 1. ऊंचाई
- ✗ 2. अक्षांश
- ✗ 3. महासागरीय धाराएँ
- ✓ 4. समुद्र से दूरी (महाद्वीपीयता)

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.81 भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद कुछ मामलों में गिरफ्तारी और नजरबंदी के खिलाफ संरक्षण की गारंटी देता है?

Ans
✔ 1. अनुच्छेद 22
✗ 2. अनुच्छेद 21
✗ 3. अनुच्छेद 20
✗ 4. अनुच्छेद 23

Q.82 अक्टूबर 2023 में, भारत का प्रथम तिलापिया पार्वोवायरस संदूषण तमिलनाडु में रिपोर्ट किया गया था। वायरस ने मुख्य रूप से ________ को संक्रमित किया था।

Ans
✗ 1. चमगादड़ों
✗ 2. बकरियों
✗ 3. बंदरों
✔ 4. मछलियों

Q.83 निम्नलिखित में से किस योजना में शिशु, किशोर और तरुण उप-योजनाएँ हैं?

Ans
✗ 1. स्वर्ण मुद्रीकरण योजना
✗ 2. स्टार्ट-अप इंडिया
✔ 3. मुद्रा योजना
✗ 4. दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना

Q.84 भारत सरकार की किस पहल का उद्देश्य भारत में अधिक दक्षता और प्रभावशीलता के लिए महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न उप-योजनाओं को एक छत्र (अंब्रेला) योजना के तहत एकीकृत करना है?

Ans
✔ 1. मिशन शक्ति
✗ 2. मिशन वात्सल्य
✗ 3. मिशन युक्ति
✗ 4. मिशन निर्भया

Q.85 अरब विद्वान सुलेमान ने अपने साम्राज्य को लुटेरों से सुरक्षित रखने के लिए निम्नलिखित में से किस गुर्जर-प्रतिहार राजा की बहुत प्रशंसा की थी?

Ans
✗ 1. वत्सराज
✗ 2. रामभद्र
✗ 3. नागभट्ट द्वितीय
✔ 4. मिहिरभोज

Q.86 (सूची-I शहरों) को (सूची-II तापमान) विशेषताओं से सुमेलित करें और नीचे दिए गए कोड से अपना उत्तर चुनें।

(सूची-I - शहर) (सूची-II - तापमान)
(A) पहलगाम I. गर्मियों में 50°C, रात में 15°C
(B) द्रास II. तापमान माइनस 45°C तक कम हो सकता है
(C) थार रेगिस्तान III. गर्मियों में लगभग 20°C
(D) तिरुवनंतपुरम IV. तापमान 22°C है

Ans
✗ 1. (a) iii (b) i (c) ii (d) iii
✗ 2. (a) iv (b) iii (c) ii (d) i
✔ 3. (a) iii (b) ii (c) i (d) IV
✗ 4. (a) ii (b) iii (c) i (d) iv

Q.87 नवंबर 2022 में, निम्नलिखित में से किस देश के साथ सैन्य-से-सैन्य विनिमय कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में, भारतीय विशेष बल सैनिकों की एक टुकड़ी द्विपक्षीय संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास गरुड़ शक्ति (GARUDA SHAKTI) में संलग्न है?

Ans
✗ 1. ताइवान
✗ 2. वियतनाम
✔ 3. इंडोनेशिया
✗ 4. मलेशिया

Q.88 भारतीय अर्थव्यवस्था के अनौपचारिक क्षेत्र में रोजगार की विशेषता क्या है?

Ans
- ✗ 1. अनौपचारिक क्षेत्र की नौकरियां आमतौर पर उच्च वेतन वाली होती हैं।
- ✗ 2. रोजगार अनुबंध, हमेशा लिखित और कानूनी रूप से बाध्यकारी होते हैं।
- ✗ 3. श्रमिक, सामाजिक सुरक्षा लाभ और औपचारिक नौकरी संरक्षण के हकदार होते हैं।
- ✓ 4. रोजगार में मुख्य रूप से स्वरोजगार या लघु, अपंजीकृत व्यवसाय शामिल होते हैं।

Q.89 कृषि में हिस्सेदारी के लिए ___________ की आवश्यकता है, जो मुख्य रूप से भूमि जोत के स्वामित्व में परिवर्तन को संदर्भित करता है।

Ans
- ✓ 1. भूमि सुधार
- ✗ 2. भूमि अधिग्रहण
- ✗ 3. भूमि चकबंदी
- ✗ 4. जमींदारी प्रथा

Q.90 निम्नलिखित में से कौन-सा, 8वीं शताब्दी ईस्वी में दक्षिण पूर्व एशिया में स्थापित शैलेन्द्र साम्राज्य का हिस्सा नहीं था?

Ans
- ✗ 1. मलय
- ✗ 2. जावा
- ✓ 3. श्रीलंका
- ✗ 4. सुमात्रा

Q.91 कहानी पुस्तक 'द एंड ऑफ इमेजिनेशन (The End of Imagination)' के लेखक कौन हैं?

Ans
- ✗ 1. प्रसन्ना कुमार आचार्य
- ✓ 2. अरुंधति रॉय
- ✗ 3. पेमा दोरजी
- ✗ 4. शशि थरूर

Q.92 गुप्त वंश के निम्नलिखित में से किस राजा ने लिच्छवि राजकुमारी (कुमारी देवी) से विवाह किया था?

Ans
- ✗ 1. समुद्र गुप्त
- ✗ 2. चंद्र गुप्त II
- ✗ 3. कुमार गुप्त
- ✓ 4. चंद्र गुप्त I

Q.93 2005 में, प्रकाशित कौन-सी खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली, संगठनों को खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने का एक प्राधार प्रदान करती है?

Ans
- ✓ 1. आईएसओ 22000
- ✗ 2. आईएसओ 14000
- ✗ 3. आईएसओ 17025
- ✗ 4. आईएसओ 9000

Q.94 जनवरी 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 के उद्घाटन समारोह का शुभारंभ कहाँ किया?

Ans
- ✓ 1. चेन्नई
- ✗ 2. कोयंबटूर
- ✗ 3. मदुरै
- ✗ 4. त्रिची

Q.95 धारणीय विकास उपागम (sustainable development approach) के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सी रणनीति, ग्रामीण विकास के लिए आवश्यक है?

Ans
- ✗ 1. अल्पकालिक आर्थिक लाभ को प्राथमिकता देना
- ✓ 2. पर्यावरणीय स्थिरता को आर्थिक विकास के साथ एकीकृत करना
- ✗ 3. गैर-नवीकरणीय संसाधनों पर निर्भरता बढ़ाना
- ✗ 4. केवल कृषि उत्पादकता पर फोकस करना

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.96 निम्नलिखित में से भारत सरकार का सर्वोच्च विधि (कानून) अधिकारी कौन होता है?

Ans
- ✗ 1. भारत का मुख्य न्यायाधीश
- ✓ 2. भारत का महान्यायवादी
- ✗ 3. उच्च न्यायालय का न्यायाधीश
- ✗ 4. सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश

Q.97 नव भारत साक्षरता कार्यक्रम (NILP) निम्नलिखित में से किस प्लेटफॉर्म के माध्यम से शिक्षार्थियों को देश भर में स्थानीय भाषाओं में सामग्री तक पहुँचने के लिए प्रोत्साहित करता है?

Ans
- ✗ 1. पीएम अभ्यास पोर्टल
- ✗ 2. गूगल क्लासरूम
- ✓ 3. दीक्षा प्लेटफार्म
- ✗ 4. दिशा पोर्टल

Q.98 गोल कृमि, किस संघ (phylum) से संबंधित है?

Ans
- ✗ 1. ऐनेलिडा (Annelida)
- ✗ 2. टीनोफोरा (Ctenophora)
- ✗ 3. प्लेटीहेल्मिथीज (Platyhelminthes)
- ✓ 4. ऐस्केलमिन्थीज (Aschelminthes)

Q.99 भारतीय सेना और रॉयल थाईलैंड सेना के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास मैत्री 2024 कहाँ आयोजित किया गया?

Ans
- ✓ 1. ताक प्रॉविंस, थाईलैंड
- ✗ 2. बैंकॉक, थाईलैंड
- ✗ 3. चियांग माई, थाईलैंड
- ✗ 4. फुकेट, थाईलैंड

Q.100 निम्नलिखित में से किस देश में दोहरी नागरिकता की नीति स्वीकार की जाती है?

Ans
- ✗ 1. चीन
- ✓ 2. यूएस
- ✗ 3. भारत
- ✗ 4. यूके

Q.101 जूडो फेडरेशन ऑफ इंडिया ने अक्टूबर 2023 के महीने में सीनियर नेशनल जूडो चैंपियनशिप 2023-24 का आयोजन कहां किया?

Ans
- ✓ 1. जयपुर
- ✗ 2. भोपाल
- ✗ 3. पटना
- ✗ 4. नई दिल्ली

Q.102 वीएल-832, पीबीडब्ल्यू-502 और आदित्य (HD 2781) किस भारतीय फसल की किस्में हैं?

Ans
- ✓ 1. गेहूं
- ✗ 2. जूट
- ✗ 3. मक्का
- ✗ 4. चावल

Q.103 भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद सर्वोच्च न्यायालय के परामर्शी क्षेत्राधिकार से संबंधित है?

Ans
- ✗ 1. अनुच्छेद 148
- ✗ 2. अनुच्छेद 145
- ✓ 3. अनुच्छेद 143
- ✗ 4. अनुच्छेद 142

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.104 लोक अदालतों के संबंध में, निम्नलिखित में से सही कथन का चयन कीजिए।

1. यह प्राचीन काल से प्रचलित न्याय व्यवस्था का प्रतीक है।
2. यह व्यवस्था गाँधीवादी सिद्धांतों पर आधारित है।
3. स्वतंत्रता के बाद, भारत में प्रथम लोक अदालत वर्ष 1982 में मध्य प्रदेश में स्थापित की गई थी।
4. लोक अदालत द्वारा दिया गया निर्णय दोनों पक्षों पर बाध्यकारी नहीं होता।

Ans
✗ 1. केवल 2, 3 और 4
✗ 2. केवल 1
✓ 3. केवल 1 और 2
✗ 4. केवल 1, 3 और 4

Q.105 मार्च 2024 में, खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष रूप से महिलाओं के लिए कितने राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (NCOE) स्थापित करने की घोषणा की?

Ans
✗ 1. तीन
✗ 2. चार
✗ 3. पाँच
✓ 4. दो

Q.106 15 फ़रवरी 2024 को श्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरंभ की गई प्रधान मंत्री की नई रूफटॉप सौर ऊर्जा योजना का नाम क्या है?

Ans
✗ 1. प्रधान मंत्री सूर्य किरण योजना
✓ 2. पी. एम. सूर्य घर: मुफ़्त बिजली योजना
✗ 3. प्रधान मंत्री उजाला योजना
✗ 4. प्रधान मंत्री ग्राम उजाला योजना

Q.107 निम्नलिखित अभिक्रिया के उत्पाद क्या होंगे?

$2NaOH (aq) + Zn (s) \rightarrow$

Ans
✗ 1. $Na_2ZnO_2$ (s) और $H_2O$ (l)
✓ 2. $Na_2ZnO_2$ (s) और $H_2$ (g)
✗ 3. $ZnO_2$ (s) और $N_2O$ (g)
✗ 4. $ZnO_2$ (s) और $H_2O$ (l)

Prepp
Your Personal Exam Guide

Q.108 निम्नलिखित में से क्या खिंचाव से संबंधित है?

Ans
✗ 1. वेक्टर
✗ 2. रेखापुंज
✓ 3. आयाम रहित
✗ 4. अदिश

Q.109 भारतीय जनगणना 2011 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस केंद्र शासित प्रदेश में अधिकतम साक्षरता दर दर्ज हुई थी?

Ans
✗ 1. चंडीगढ़
✓ 2. लक्षद्वीप
✗ 3. पुदुचेरी
✗ 4. दमन और दीव

Q.110 एम-टाइप (धात्विक) क्षुद्रग्रह का अध्ययन करने के लिए नासा (NASA) का पहला अंतरिक्ष मिशन, साइकी (Psyche) मिशन, कैनेडी स्पेस सेंटर से किस तारीख को लॉन्च किया गया था?

Ans
✗ 1. 01 जुलाई 2023
✓ 2. 13 अक्टूबर 2023
✗ 3. 27 दिसंबर 2023
✗ 4. 15 मार्च 2023

Q.111 अश्विनी वैष्णव ने साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी में दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग को रोकने के लिए हितधारकों के बीच समन्वय हेतु प्रौद्योगिकी विभाग के डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म (DIP) को कब लॉन्च किया?

Ans
✗ 1. जनवरी 2024
✗ 2. अगस्त 2024
✗ 3. जुलाई 2024
✓ 4. मार्च 2024

Q.112 निम्नलिखित में से किस कर्नाटक गायक को 'भारत की कोकिला' के नाम से जाना जाता था?

Ans
✗ 1. लालगुडी जयरमन
✓ 2. एमएस सुब्बुलक्ष्मी
✗ 3. बालमुरलीकृष्ण
✗ 4. डीके पट्टम्मल

Q.113 निम्नलिखित में से कौन 'सर्वेन्ट्स ऑफ़ इंडिया सोसायटी' से संबद्ध नहीं था?

Ans
✓ 1. बाल गंगाधर तिलक (Bal Gangadhar Tilak)
✗ 2. अनंत विनायक पटवर्धन (Anant Vinayak Patwardhan)
✗ 3. गोपाल कृष्ण देवधर (Gopal Krishna Deodhar)
✗ 4. नतेश अप्पाजी द्रविड़ (Natesh Appaji Dravid)

Q.114 स्पेन, मई 2024 में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) में कौन-से सदस्य के रूप में शामिल हुआ?

Ans
✗ 1. 94वें
✗ 2. 100वें
✓ 3. 99वें
✗ 4. 97वें

Q.115 निम्नलिखित में से कौन-सा 2023 तक की स्थिति के अनुसार भारत का सबसे लंबा रेल मार्ग है?

Ans
✓ 1. डिब्रूगढ़-कन्याकुमारी
✗ 2. अगरतला-बेंगलुरु
✗ 3. तिरुनेलवेली-कटरा
✗ 4. तिरुवनंतपुरम-सिलचर

Q.116 निम्नलिखित में से कौन-सा वैश्वीकरण के विरुद्ध है?

Ans
✗ 1. वैश्वीकरण वैश्विक बाजारों तक पहुंच बढ़ाता है।
✓ 2. वैश्वीकरण आर्थिक विषमताओं को बढ़ाता है।
✗ 3. वैश्वीकरण उन्नत प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ाता है।
✗ 4. वैश्वीकरण उत्पादों के विविधीकरण को बढ़ाता है।

Q.117 निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त पद धारण करता है?

Ans
✓ 1. भारत का अटॉर्नी जनरल
✗ 2. संघ लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष
✗ 3. भारत का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
✗ 4. लोकसभा अध्यक्ष

Q.118 ललितगिरी बौद्ध स्थल कहाँ स्थित है?

Ans
✗ 1. हरियाणा
✓ 2. ओडिशा
✗ 3. राजस्थान
✗ 4. बिहार

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.119 निम्नलिखित में से किसकी राजधानी बनारस में थी?

Ans

✗ 1. परमार राजवंश

✗ 2. चाहमान राजवंश

✓ 3. गहड़वाल राजवंश

✗ 4. पाल राजवंश

Q.120 भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 (Aditya- L1) को प्रक्षेपित करने के लिए निम्नलिखित में से किस प्रक्षेपण वाहन का उपयोग किया गया था?

Ans

✗ 1. स्पेस लॉन्च व्हीकल

✗ 2. जियोसिंक्रोनस लॉन्च व्हीकल

✓ 3. पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल -XL

✗ 4. जियोसिंक्रोनस लॉन्च व्हीकल मार्क III

2024/12/04-20:29:07

Prepp Your Personal Exam Guide